>

Title: Need to provide relief to the farmers whose crops have been damaged by recent cold wave and frost.

*m01

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, पिछले दिनों अत्यधिक सर्दी और पाले की वजह से समूचे उत्तर भारत में विशेषकर राजस्थान में, मेरे अपने लोकसभा क्षेत्र अलवर में सरसों की फसल सर्दी और पाले के लगातार होने से बहुत मात्रा में क्षतिग्रस्त हो गई हैं। हमारे यहां के किसानों ने धरने और प्रदर्शन किए ताकि किसानों को इस क्षति का कुछ मुआवजा दिया जाए। राजस्थान सरकार पहले भी टालती रही और अब मैं केंद्र सरकार से इस बात का निवेदन करता हूं कि जब सूखे और ओले से क्षतिग्रस्त सरसों को कैलेमेटी रिलीफ के नाम से मुआवजा दिया जाता है तो पाले से जो क्षतिग्रस्त हो जाए, उसे भी मुआवजा दिया जाए। राजस्थान सरकार ने सर्वे करवाया लेकिन अलवर जिले को बिल्कुल छोड़ दिया गया। अलवर के एक भी किसान को मुआवजा नहीं मिला। मुझे यह कहते हुए बहुत खेद है कि अलवर जिला ऐसा जिला है, जहां सबसे बड़ी संख्या में कांग्रेस के एमएलए और एमपी जीत कर आते हैं। इस जिले के साथ इस दुर्भावना से ये सब हुआ है। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार राजस्थान सरकार को निर्देश दे कि मेरे जिले के किसानों का सर्वे कराए और उन्हें मुआवजा दिलाए और सीआरएफ की गाईडलाईन में भी पाले की बात को शामिल किया जाए।[r71][r72]